# लेबर इंडक्शन

the women's
the royal women's hospital
victoria australia

कभी-कभी किसी महिला को कृत्रिम तरीकों का उपयोग करते हुए उसकी प्रसव पीड़ा को शुरू करने में मदद देना आवश्यक होता है। इसे लेबर इंडक्शन कहते है।

## लेबर इंडक्शन क्या है?

अधिकांश गर्भावस्थाओं में, लेबर स्वाभाविक रूप से 37 से 42 सप्ताह के बीच शुरू होती है, जिससे शिशु का जन्म होता है। जब लेबर 'शुरू' की जाती है तब चिकित्सक और मिडवाईफ़ कृत्रिम रूप से लेबर प्रक्रिया को शुरु करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## इंडक्शन की सिफारिश क्यों की जाती है?

लेबर इंडक्शन के सामान्य मुख्य कारण हैं:

- गर्भावस्था को 41 सप्ताह से अधिक का समय हो गया है
- वाटर ब्रेक हो गया है लेकिन लेबर हेतु स्वाभाविक रूप से दर्द शुरू नहीं हुए हैं
- बच्चा ठीक नहीं है या ठीक से विकास नहीं कर रहा है
- माँ को स्वास्थ्य संबंधी विशिष्ट समस्याएँ हैं।

## क्या कोई जोखिम हैं?

इंडक्शन के साथ जोखिम जुड़े हैं। कुछ महिलाएं इंडक्शन नहीं करवाना चाहती हैं और वह 'प्रतीक्षा करना और देखना चाहती है" कि क्या प्रसव पीड़ा प्राकृतिक रुप से शुरू होती है या नही।

जब इंडक्शन के लिए सुझाव दिया जाता है तब आपकी गर्भावस्था को बनाए रखने के जोखिम भी इससे जुड़े होते हैं।

इससे पहले कि आप कोई निर्णय लें, आपका डॉक्टर या मिडवाईफ़ इंडक्शन करवाने या न करवाने संबंधी जोखिमों के बारे में बताएगें।

## लेबर कैसे इन्डयूस की जाती है।

लेबर इन्डयूस करने के चार अलग-अलग तरीके हैं:

- प्रोस्टाग्लैंडीन
- एक बैलून कैथेटर
- कृत्रिम तरीके से वॉटर ब्रेक करना
- ऑक्सीटोसिन।

ज्यादातर महिलाओं को अपने बच्चे के पैदा होने से पहले इनमें से एक से अधिक तरीकों के प्रयोग की ज़रूरत होती है।

## इंडक्शन के दिन क्या होता है?

आपके इंडक्शन के दिन  आपके द्वारा इंडक्शन के तरीके को बदलने का निर्णय लिया जा सकता है।  योनि की जांच के बाद, आपके गर्भाशय ग्रीवा में परिवर्तन का मतलब हो सकता है कि इंडक्शन की कोई और विधि अधिक उपयुक्त है। आपका डॉक्टर या मिडवाइफ आपसे इस बारे में चर्चा करेगा।

### इसमें कितनी देर लगेगी?

एक बार इंडक्शन शुरू हो जाने के बाद,  आपको नियमित रूप से मॉनिटर किया जाएगा।  आप आस-पास घूम सकती हैं लेकिन आपको अस्पताल छोड़कर नहीं जाना चाहिए। इसकी प्रगति की जांच करने के लिए आपकी गर्भाशय ग्रीवा का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है। इंडक्शन एक त्वरित प्रक्रिया नहीं है। एक बार जब यह शुरू हो जाती है, तो आपके बच्चे के जन्म में 24 घंटे से अधिक का समय लग सकता है। यदि आपके गर्भाशय ग्रीवा को ठीक करना है, तो दो दिन या उससे अधिक का समय लग सकता है।

### इंडक्शन शुरू होने के बाद क्या आप अपना मन बदल सकती हैं?

एक बार इंडक्शन शुरू हो जाने के बाद, इसके तब तक जारी रहने की उम्मीद होती है जब तक कि आपका बच्चा पैदा न हो जाए। हम इंडक्शन प्रक्रिया को रोकने का सुझाव नहीं देते हैं।

### क्या यह प्राकृतिक लेबर से अधिक दर्दनाक होगी?

हर लेबर अलग-अलग होती है। कुछ महिलाओं के लिए एक इंडयूस्ड लेबर अपने आप शुरू होने वाली लेबर की तुलना में अधिक दर्दनाक होती है, हालांकि यह सभी महिलाओं के लिए सही नहीं है। यदि आवश्यक हो तो आमतौर पर एपिड्यूरल उपलब्ध हैं।

### क्या ये काम करेगा?

कभी-कभी इंडक्शन काम नहीं करता है और आप लेबर में नहीं जा सकती हैं। यदि ऐसा होता है और सभी सुरक्षित विकल्पों की कोशिश की जा चुकी है, तो आपको एक सीज़ेरियन की आवश्यकता हो सकती है।

Watch our short video about induction of labour at
https://www.thewomens.org.au/hi-iol

## इंडक्शन के तरीके

आपके द्वारा आवश्यक इंडक्शन की विधि इस बात पर निर्भर करेगी कि प्रसव के लिए आपका गर्भाशय ग्रीवा (आपके गर्भ की गर्दन) कितना तैयार है। आपका डॉक्टर या मिडवाइफ आपके गर्भाशय ग्रीवा की जांच करने के लिए योनि की जांच करेंगे और फिर चर्चा करेंगे कि कौन सी विधि आपके लिए सबसे उपयुक्त है।

यदि आपका गर्भाशय ग्रीवा लेबर के लिए तैयार नहीं है, तो आपको 'प्राइमिंग' की आवश्यकता हो सकती है। प्राइमिंग आपके गर्भाशय ग्रीवा को लेबर के लिए तैयार करने में मदद करती है और इसे बैलून कैथेटर या प्रोस्टाग्लैंडीन दोनों का उपयोग करके किया जा सकता है।

ये तरीके आपके गर्भाशय ग्रीवा को लेबर के लिए तैयार करने में मदद करते हैं लेकिन आमतौर पर लेबर की शुरूआत नहीं करते हैं।

प्राइमिंग में 6 से 48 घंटे लग सकते हैं। एक बार आपका गर्भाशय ग्रीवा खुलने होने के बाद, आपको इनकी आवश्यकता हो सकती है:

- आपका वॉटर ब्रेक करना
- ऑक्सीटोसिन, एक दवा जो मरोड़े शुरू करती है।

लेबर में जाने और अपने बच्चे के होने से पहले आपको इन दोनों को लेने की सबसे अधिक संभावना होगी।

## प्रोस्टाग्लैंडीन

प्रोस्टाग्लैंडीन एक जेल या टैबलेट है जो गर्भाशय ग्रीवा को नरम करने के लिए आपकी योनि में डाला जाता है और यह लेबर के अगले चरण के लिए तैयार करने में मदद करता है।

जब प्रोस्टाग्लैंडीन लगाई जाती है, तो आपको कम से कम 30 मिनट के लिए लेट जाना होगा और आमतौर पर तब तक अस्पताल में रहना होगा जब तक कि लेबर शुरू न हो जाए।

आपको किन चीजों की जानकारी होनी चाहिए

- कभी-कभी प्रोस्टाग्लैंडीन योनि में दर्द का कारण बनता है।
- कम संख्या में महिलाओं को मतली, उल्टी या दस्त जैसी कुछ प्रतिक्रियाओं का अनुभव होता है।
- बहुत कम बार, प्रोस्टाग्लैंडीन गर्भाशय (गर्भ) को बहुत ज्यादा संकुचित कर सकता है। यदि ऐसा होता है, तो आपको गर्भाशय को आराम देने के लिए दवा दी जाएगी।
- अधिकांश महिलाओं को लेबर में जाने के लिए और अधिक मदद की आवश्यकता होगी।

## बैलून कैथेटर

एक पतली ट्यूब जिसे कैथेटर कहा जाता है, जिसके अंत में एक गुब्बारा आपके गर्भाशय ग्रीवा में डाला जाता है और गुब्बारे को पानी से फुलाया जाता है। इसे बैलून कैथेटर कहा जाता है और इसका उपयोग आपके गर्भाशय ग्रीवा पर दबाव डालने के लिए किया जाता है। यह इसे खोलने में मदद करता है, लेबर के अगले चरण के लिए तैयार करता है।

कैथेटर लगाए जाने के बाद इसे 12 घंटे तक छोड़ दिया जाता है, फिर गुब्बारे से पानी निकालने के बाद, कैथेटर हटा दिया जाता है। जब यह लगा होता हैं तो आप सामान्य रूप से घूम सकती हैं।कैथेटर हटा दिए जाने के बाद, अगले चरणों को निर्धारित करने के लिए आपकी एक और योनि परीक्षा होगी।

### आपको किन चीजों की जानकारी होनी चाहिए

- अधिकांश महिलाओं को लेबर में जाने के लिए और अधिक सहायता की आवश्यकता होगी।

## कृत्रिम झिल्ली का टूटना (एआरएम)

इस प्रक्रिया को आमतौर पर आपके वॉटर को ब्रेक करने के रूप में जाना जाता है।

एक बार जब गर्भाशय ग्रीवा पर्याप्त रूप से खुली होती है, तो आपका डॉक्टर या मिडवाइफ़ आपके वॉटर को ब्रेक करने के लिए हुक के साथ एक छोटे उपकरण का उपयोग करेगें। इससे नुकसान नहीं होगा लेकिन जांच करना असहज हो सकता है। आपके पूरी लेबर के दौरान आपका पानी कम मात्रा में निकलता रहेगा।

### आपको किन चीजों की जानकारी होनी चाहिए

- हालांकि आपके वॉटर को ब्रेक करना आमतौर पर सरल होता है, यह कॉर्ड प्रोलैप्स, रक्तस्राव और संक्रमण के जोखिम को बढ़ा सकता है। आपका डॉक्टर या मिडवाइफ़ इससे बचने का पूरा ध्यान रखेंगे लेकिन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वे प्रशिक्षित होते हैं।
- केवल आपके वॉटर को ब्रेक करके लेबर शुरू होना दुर्लभ है। आपके वॉटर ब्रेक होने के तुरंत बाद ऑक्सीटोसिन का उपयोग करना शुरू करना सबसे अच्छा है।

## ऑक्सीटोसिन

यह दवा वही हार्मोन है जो आपको प्राकृतिक रूप से लेबर में ले जाती है। एक सुई को एक नस में लगाया जाता है और उसे ऑक्सीटोसिन युक्त एक ड्रिप से जोड़ दिया जाता है।

आपको दी जाने वाली ऑक्सीटोसिन दवा की मात्रा का नियंत्रण एक पंप करता है। आपकी मिडवाइफ हर आधे घंटे में ड्रिप देना शुरु कर देगी जब तक कि आपको लेबर शुरु नही हो जाती। प्रत्येक महिला के लिए इसमें लगने वाला समय अलग-अलग होता है लेकिन इसमें कई घंटे लग सकते हैं।

ड्रिप चलने के दौरान एक मिडवाइफ आमतौर पर आपके साथ रहेगी। सीटीजी  मशीन का उपयोग करके आपके बच्चे की हृदय गति की निगरानी पूरे लेबर के दौरान की जाएगी।

### आपको किन चीजों की जानकारी होनी चाहिए

- घूमने की आपकी क्षमता ड्रिप और सीटीजी मशीन द्वारा सीमित होगी।
- कभी-कभी, ऑक्सीटोसिन गर्भाशय को बहुत अधिक संकुचित कर सकती है। यदि ऐसा होता है, तो आपको अपनी बाईं ओर लेटने के लिए कहा जाएगा और ड्रिप को समायोजित कर दिया या रोक दिया जाएगा। मरोड़ो (कन्ट्रैक्शन) को कम करने के लिए एक और दवा दी जा सकती है। यदि आपके बच्चे के दिल की धड़कन के बारे में कोई चिंता हैं, तो ऐसा किया जा सकता है। हमारे डॉक्टरों और मिडवाइफों को इन मुद्दों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।
- यदि आपकी इंडक्शन ऑक्सीटोसिन के साथ है, तो आप पानी में शिशु को जन्म नहीं दे पाएँगी

# यदि आप वुमेन्स (WOMEN'S) में इंडक्शन करवा रही हैं

## आपके इंडक्शन के दिन

कृपया निश्चित समय पर पहुंचें।

- यदि आपको देर हो रही है, तो आपका इंडक्शन स्थगित किया जा सकता है।
- जल्दी पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि आपको समय से पहले देखा जाएगा।

अस्पताल में प्रवेश के बाद, आपका डॉक्टर या मिडवाइफ:

- आपके गर्भाशय ग्रीवा का आकलन करने के लिए योनि की जांच करेंगे
- आपके बच्चे की स्थिति की जाँच करेंगे
- आपके बच्चे के दिल को ट्रैक करने के लिए एक मॉनिटर का उपयोग करेंगे।

योनि की जांच, आपके डॉक्टर या मिडवाइफ को यह तय करने में मदद करेगी कि आपका गर्भाशय ग्रीवा लेबर शुरू करने के लिए कितनी तैयार है। वे फिर आपके साथ चर्चा करेंगे कि किस विधि का इंडक्शन सबसे अधिक उपयुक्त है।

आपका इंडाक्शन आमतौर पर प्रवेश के एक घंटे के भीतर शुरू हो जाएगा, हालांकि अस्पताल में अत्यधिक व्यस्त होने पर यह विलंबित या पुनर्निर्धारित किया जा सकता है।

जबकि हम समझते हैं कि देरी के कारण आपको परेशानी हो सकती है, हम आपको और आपके बच्चे को अपनी ओर से सर्वोत्तम देखभाल देना चाहते हैं और हम आपका इंडक्शन तब तक शुरू नहीं करेंगे जब तक कोई आपकी देखभाल ठीक से करने के लिए उपलब्ध नहीं है। हम आपको सूचित करते रहेंगे और देरी को यथासंभव कम करने की पूरी कोशिश करेंगे।

## आपके इंडक्शन का समय और तारीख

Time and date of your induction

दिनांक: ..........................................................................................

(Date)

आने का समय: ..........................................................................

(Time to arrive)

कहाँ जाना है: ..........................................................................

(Where to go)

प्रस्तावित इंडक्शन विधि:

(Proposed induction method)

.................................................................................................

आपकी तिथि और समय की पुष्टि करने के लिए हम आपको कॉल करेंगे। कभी-कभी हमें इनका पुनर्निर्धारण करना पड़ सकता है।

## हमसे संपर्क करें

अपने लेबर इंडक्शन के बारे में किसी मिडवाइफ से बात करने के लिए

- Parkville: (03) 8345 2170
  सोमवार - शुक्रवार (सुबह 8.30 बजे से लेकर शाम 4.30 बजे तक)
- Sandringham: (03) 9076 1245 (सोमवार - रविवार (24 घंटे)

**खंडन** यह तथ्य पत्र केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है। अपने बच्चे या आपकी स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों के बारे में विशिष्ट सलाह के लिए, आपको अपने स्वास्थ्य पेशेवर से सलाह लेनी चाहिए। रॉयल वुमेन्स हॉस्पिटल किसी स्वास्थ्य पेशेवर को देखने के बजाय इस तथ्य पत्र पर आपकी निर्भरता से होने वाले नुकसान या क्षति के लिए किसी भी जिम्मेदारी को स्वीकार नहीं करता है। यदि आपको या आपके बच्चे को तत्काल चिकित्सा की आवश्यकता है, तो कृपया अपने नजदीकी आपातकालीन विभाग से संपर्क करें। © रॉयल वुमेन्स हॉस्पिटल 2018